PART - I

Paper Code

**P-4**

418369

**IDATE PLEASE READ CAREFULLY**

परीक्षार्थी कृपया
e Answer Script
ten even in the le
words, number o
e examination of
for which the ca
र कहीं पर भी पहचा
( XYZ, ABC, अ
अंक, आदि भी न वि
की जाकर भविष्य में
।

**ANT INSTRUC**

-Answer Booklet
को प्रश्नोत्तर पुस्तिक
n or not printed
ilator and change
या अमुद्रित है या
भ्यर्थी का होगा।
rly on Cover She
deduct 5 marks
कवर पृष्ठ पर स
र आयोग द्वारा प्राप्
s, in which some
Cover Sheet is n
पय सूचनाएँ पूर्वमु
से क्षतिग्रस्त नहीं
ferent units and p
ाजित है। प्रत्येक
।
ke either of prin
treated as stan
मुद्रण या तथ्यात्म
nglish, not in bo
Hindi or English
एक में दीजिये, दो
ए अलग से हिंदी
ers only in the
e the border lin
किसी भी प्रश्न
बाहर लिखे गये
nswers beyond
से अधिक नहीं लि
estion out of m

| Q. No. | Total Marks | Obtained Marks |
|---|---|---|
| Unit-I-A | 50 | 36 |
| Unit-I-B | 50 | 19 |
| Unit-I-C | 20 | 8 |
| Unit-II-A-A | 10 | 3.5 |
| Unit-II-A-B | 2 | 1 |
| Unit-II-A-C | 1 | 1 |
| Unit-II-A-D | 2 | 1 |
| Unit-II-A-E | 2 | 2 |
| Unit-II-A-F | 2 | 0 |
| Unit-II-B-A | 10 | 1 |
| Unit-II-B-B | 10 | 0.25 |
| Unit-II-B-C | 10 | 0.5 |
| Unit-II-C | 30 | 9.5 |
| Unitt-II-A-C | 1 | 0 |
| Total Obt. Marks in Figures | 200 | 82.75 |
| Total Obt. Marks in Words | | Eighty Two+ ¾ |

का विकल्प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी

ा प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा उस पर किसी प्रकार
द्वारा उसकी संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

candidate or any attempt is made to damage the answer script or any marking as
ion shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

**CANDIDATE PLEASE READ CAREFULLY**
**परीक्षार्थी कृपया ध्यान से पढ़ें**

**Do not write any mark of identity inside the Answer Script (including Paper for rough work) i.e. Name, Address, Roll Number, Mobile Number etc. Not to be written even in the letter writing (XYZ, ABC etc. may be written) Name of God, any religious sign, any irrelevant sentence, words, number other than the answer of question must not be written. Such act will be treated as unfair means and entire examination of the Candidate shall be cancelled and he may be debarred by the RPSC from all the future examinations, for which the candidate will be liable.**

**प्रश्नोत्तर पुस्तिका (रफ कार्य के पृष्ठ सहित) के अंदर कहीं पर भी पहचान चिह्न यथा अपना नाम, पता, रोल नंबर, मोबाइल नंबर इत्यादि नहीं लिखें। यहां तक कि पत्रादि लेखन में भी नहीं लिखें ( XYZ, ABC, अ ब स आदि लिखा जा सकता है)। कोई धार्मिक चिह्न, देवताओं के नाम, अनर्गल बातें, प्रश्नोत्तर से असंबंधित वाक्य, शब्द एवं अंक, आदि भी न लिखें। ऐसा करने पर आयोग द्वारा इसे अनुचित साधन अपनाने का कृत्य माना जायेगा तथा अभ्यर्थी की संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जाकर भविष्य में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं से विवर्जित करने की कार्यवाही की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS (महत्त्वपूर्ण निर्देश)

(A) It should be ensured that the Question-Answer Booklet is provided in a sealed envelope to the candidate.
अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका सीलबंद लिफाफे में प्रदान की गई है।

(B) If the Question-Answer Booklet is torn or not printed properly or some pages are missing (Please count the number of pages) then bring it to notice of Invigilator and change the Question-Answer booklet, otherwise the candidate will be liable for that.
यदि प्रश्नोत्तर पुस्तिका कहीं से कटी–फटी या अमुद्रित है या पृष्ठ कम हैं (कृपया पृष्ठ गिन लें) तो अभिजागर के ध्यान में ला दें तथा उसे बदलवा लें, अन्यथा उसका दायित्व अभ्यर्थी का होगा।

(C) Please fill up all desired details properly on Cover Sheet of Question-Answer Booklet with **Blue Ball Point Pen** before answering. The Commission may also deduct 5 marks from the marks obtained if Roll Number is not filled correctly on the Cover Sheet.
प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रश्न हल करने से पूर्व कवर पृष्ठ पर सभी वांछित विवरण **नीले बॉल प्वांइट पेन** से सावधानीपूर्वक भरें। कवर पृष्ठ पर रोल नम्बर का त्रुटिपूर्ण अंकन करने पर आयोग द्वारा प्राप्तांकों में से 5 अंक काटे भी जा सकते हैं।

(D) This Cover Sheet consists of two parts, in which some information is pre-printed, remaining details have to be filled by the candidate. Please ensure that this Cover Sheet is not torn or damaged.
कवर पृष्ठ दो भागों में बंटा है, जिसमें कतिपय सूचनाएँ पूर्वमुद्रित हैं, शेष की पूर्ति अभ्यर्थी को करनी है। ध्यान रखें कि कवर पृष्ठ कहीं से कटे–फटे नहीं अथवा किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हो।

(E) The question paper is divided into different units and parts. The number of questions to be attempted and their marks are indicated in each unit and parts.
प्रश्न–पत्र विभिन्न यूनिट एवं भागों में विभाजित है। प्रत्येक यूनिट एवं भाग में हल किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या और उनके अंक उस यूनिट एवं भाग में अंकित किये गए हैं।

(F) If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English version of the question, the **English version will be treated as standard.**
यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी या अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा।

(G) Attempt answers either in **Hindi or English,** not in both. For Language Papers, answer in concerned language and script, unless directed otherwise to write in Hindi or English specifically.
उत्तर अंग्रेजी या हिन्दी भाषा में से किसी एक में दीजिये, दोनों में नहीं। भाषा विषयक प्रश्नों के उत्तर उनकी संबद्ध भाषा व लिपि में ही दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के लिए अलग से हिंदी या अंग्रेजी में उत्तर देने के लिए न लिखा गया हो।

(H) Candidates are directed to write answers only in the prescribed space of booklet. They should not write answer outside the border line. Answer written outside the border line will not be checked.
अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखें। बॉर्डर लाईन से बाहर प्रत्युत्तर नहीं लिखें। बॉर्डर लाईन के बाहर लिखे गये उत्तर को जाँचा नहीं जायेगा।

(I) The candidates should not write the answers beyond the prescribed limit of words, failing this, marks may be deducted.
अभ्यर्थियों को उत्तर निर्धारित शब्द सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए, इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं।

(J) If there is a choice to attempt one question out of many and the candidate attempts more than one question then only first answer will be assessed.
यदि कई प्रश्नों में से कोई एक हल करने का विकल्प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रथम उत्तर ही जांचा जायेगा।

**विशेष नोट:**
अभ्यर्थी द्वारा यदि कोई गलत सूचना दी जाती है या प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा उस पर किसी प्रकार का पहचान चिह्न अंकित किया जाता है, तो आयोग द्वारा उसकी संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

**Special Note:**
If there is any wrong information filled by the candidate or any attempt is made to damage the answer script or any marking as identification is done, then his entire examination shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

## SPACE FOR ROUGH WORK

# PAPER – IV
## GENERAL HINDI & GENERAL ENGLISH

(Total 200 Marks)
(Total 65 Questions)

Unit – I
(यूनिट – I)
सामान्य हिन्दी

(120 Marks)
(120 अंक)

Part – A
भाग – अ

Marks : 50
अंक : 50

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक हैं।

1. निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए –
(i) देवी + अवतरण =
(ii) क्षीर + ओदन =
(iii) नि + स्नात =
(iv) दिक् + गज =

(i) देव्यवतरण
(ii) ~~क्षीरौदन~~ क्षीरोदन
(iii) निष्णात
(iv) दिग्गज

2(Two)
(Q.Unit-I-A-1)

2. निम्नलिखित शब्दों का संधि–विच्छेद कीजिए –
(i) विक्रमाब्द =
(ii) हृषीकेश =
(iii) प्रमाण =
(iv) कोणार्क =

(i) विक्रम + अब्द
(ii) हृषिक् + ईश ✗
(iii) प्र + मान
(iv) कोण + अर्क

1.5(One½)
(Q.Unit-I-A-2)

3. निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए –
(i) तत् + मय =
(ii) मातृ + आज्ञा =
(iii) प्रति + छाया =
(iv) शरत् + ज्योत्स्ना =

(i) तन्मय (ii) मात्राज्ञा
(iii) प्रतिच्छाया (iv) ~~शरच्ज्य~~ शरज्ज्योत्स्ना

2(Two)
(Q.Unit-I-A-3)

4. निम्नलिखित उपसर्गों के योग से दो–दो शब्द बनाइए –
(i) औ =
(ii) अधि =

(i) औघड़, औरस, औगुण, औतार
(ii) अधिनियम, अध्यादेश, अधिकरण

1.5(One½)
(Q.Unit-I-A-4)

5. निम्नलिखित शब्दों से उपसर्ग पृथक् कीजिए –
(i) अभिज्ञ =
(ii) पर्याय =
(iii) प्रतीक्षा =
(iv) अत्यल्प =

उपसर्ग (i) अ + भिज्ञ (अ उपसर्ग) (ii) परि + आय (परि उपसर्ग)
(iii) प्रति + ईक्षा (प्रति उपसर्ग) (iv) अति + अल्प (अति उपसर्ग)

1.5(One½)
(Q.Unit-I-A-5)

6. निम्नांकित प्रत्ययों का संयोग करते हुए दो–दो शब्द बनाइए –
(i) इल =
(ii) हार =

(i) पंकिल, फेनिल
(ii) परिहार, राखनहार, पालनहार

1.5(One½)
(Q.Unit-I-A-6)

7. निम्नलिखित शब्दों से मूल शब्द और प्रत्यय पृथक् कीजिए –
(i) श्रद्धालु =
(ii) कनौती =

(i) आलु प्रत्यय
(ii) औती प्रत्यय

1(One)
(Q.Unit-I-A-7)

8. निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए –
(i) पक्षी =
(ii) स्वर्ण =

(i) पखेरु, पंक्षी, नभचर,
(ii) सोना, हेम,

1.5(One½)
(Q.Unit-I-A-8)

9. निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए –
(i) सखी =
(ii) उन्नति =

(i) सहेली, आली,
(ii) प्रगति, यश ✗

1.5(One½)
(Q.Unit-I-A-9)

10. निम्नांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखें –
(i) दण्ड = (ii) ऋत =
(iii) समास = (iv) ग्राह्य =

(i) पुरस्कार (ii) अनृत
(iii) व्यास (iv) त्याज्य

2(Two)
(Q.Unit-I-A-10)

11. निम्नांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखें –
(i) विधिसम्मत = (ii) तिरस्कार =
(iii) संश्लेषण = (iv) अनिर्वचनीय =

(i) ✗ (ii) सम्मान ✗
(iii) विश्लेषण (iv) निर्वचनीय

1(One)
(Q.Unit-I-A-11)

12. निम्नांकित युग्म–शब्दों का अर्थगत अंतर लिखें –
(i) षष्टि–षष्ठी = (ii) तर्क–तक्र =

(i) साठ – छठी (ii) दलील – छाछ

2(Two)
(Q.Unit-I-A-12)

13. निम्नांकित युग्म–शब्दों का अर्थगत अंतर लिखें –
(i) क्षति–क्षिति = (ii) आभरण–आमरण =

(i) ~~हानि~~ ~~हानि~~ हानि – पृथ्वी (ii) आभूषण – मृत्यु पर्यन्त

2(Two)
(Q.Unit-I-A-13)

14. दिए गए वाक्यांशों के लिए एक–एक सार्थक शब्द लिखें –
(i) जो व्यक्ति बहुत बोलता हो
(ii) विरोध न होने पर भी विरोध दिखाई पड़ना

(i) वाचाल
(ii)

1(One)
(Q.Unit-I-A-14)

15. दिए गए वाक्यांशों के लिए एक–एक सार्थक शब्द लिखें –
(i) धरती का वह भाग जिस पर कुछ भी उत्पन्न नहीं होता
(ii) अपने प्रति किए गए उपकार को न मानने वाला

(i) ऊसर
(ii) कृतघ्न

2(Two)
(Q.Unit-I-A-15)

16. दिए गए शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए –
(i) प्रज्जवलित =
(ii) गणमान =
(iii) भत्स्र्ना =
(iv) नुपूर =

(i) प्रज्वलित
(ii) गणमान्य
(iii) भृत्स्ना
(iv) नूपुर

1(One)
(Q.Unit-I-A-16)

17. दिए गए शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए –
(i) चन्द्रमोली =
(ii) संग्रहित =
(iii) सुश्रूषा=
(iv) पशचाताप =

(i) चन्द्रमौली
(ii) संगृहीत
(iii) शुश्रूषा
(iv) पश्चाताप

1(One)
(Q.Unit-I-A-17)

18. निम्नांकित वाक्यों को शुद्ध कीजिए –
(i) वसन्त में फूल खिलने से कौन रोक सकता है।
(ii) दानवीर राजा ने अपना सारा धन साधुओं को बाँट दिया।

(I) ~~वसंत~~ वसन्त में पुष्पों को खिलने से कौन रोक सकता है।
(II) दानवीर राजा ने अपना सारा धन साधुओं में बाँट दिया।

2(Two)
(Q.Unit-I-A-18)

19. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए –
(i) वह अपना भाग्य कोस रहा है।
(ii) यह दुखद घटना जब कोरोना का प्रभाव चहुँ ओर था तब घटी थी।

(I) वह अपने भाग्य को कोस रहा है।
(II) यह दुखद घटना तब घटी थी जब कोरोना का प्रभाव चहुँ ओर था।

2(Two)
(Q.Unit-I-A-19)

20. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए –
(i) खेला खाया होना (ii) घर सिर पर उठाना

(I) ~~रमेश~~ शशांक को धोखा देना आसान नहीं है, वह तीन साल तक विदेश रहा है, खेला खाया है।
(II) रमेश ने अपनी पत्नी को ससुराल जाने से मना कर दिया, तो उसकी पत्नी ने सारा घर सिर पर उठा लिया।

2(Two)
(Q.Unit-I-A-20)

21. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए –
(i) बारह बाट होना (ii) धूल उड़ाना

(I) रमेश को चाहे कितना ही पढ़ाया जाये, वह तो बारह बाट है, उसे कुछ समझ नहीं आने वाला।

(II) आजकल के युवा अपने पढ़ाई करने के दिनों में धूल उड़ाते फिरते हैं, जिस कारण जीवन भर उन्हें मजदूर करके ~~काम~~ जीवननिर्वाह करना पड़ता है।

0 (Zero)
(Q.Unit-I-A-21)

22. निम्नलिखित लोकोक्तियों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए –
(i) भेड़ की लात घुटने तक
(ii) घर के पीरों को तेल का मलीदा

(I) सुरेश ने सरपंच की शिकायत तो कर दी, परन्तु सरपंच का कुछ नहीं बिगाड़ पाया, सही ही कहा है, भेड़ की लात घुटने तक। (सीमित सामर्थ्य होना)

(II) राहुल अत्यंत बुद्धिमान है, फिर भी उसके पिता उसकी बजाय सुरेश से सलाह लेते हैं, सही ही है, घर के पीरों को तेल का मलीदा।

0 (Zero)
(Q.Unit-I-A-22)

23. निम्नांकित लोकोक्तियों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए –
(i) ओछे की प्रीत, बालू की भीत।
(ii) नानी कुँआरी मर गयी, नवासे के नौ–नौ ब्याह।

(I) (दुष्ट व्यक्ति की मित्रता क्षणिक होती है।)
मोहन ने सुरेश की कई बार मदद की, परन्तु जब मोहन को आवश्यकता पड़ी, तो सुरेश ने मना कर दिया, इस पर मोहन के पिता ने कहा ओछे की प्रीत बालू की भीत होती है।

1(One)
(Q.Unit-I-A-23)

24. निम्नलिखित अंग्रेज़ी पारिभाषिक शब्दों के समानार्थक हिन्दी पारिभाषिक शब्द लिखें –

(i) JUDICIAL ENQUIRY (ii) RANDOM

(I) न्यायिक जाँच (II) यादृच्छिक

2(Two)
(Q.Unit-I-A-24)

25. निम्नलिखित अंग्रेज़ी पारिभाषिक शब्दों के समानार्थक हिन्दी पारिभाषिक शब्द लिखें –

(i) TRANSCRIPTION (ii) OVERSIGHT

(I) अनुलेखन (II) उपर्युक्त

1(One)
(Q.Unit-I-A-25)

## Part – B
## भाग – ब

**Marks : 50**
**अंक : 50**

1. निम्नलिखित अवतरण का उपयुक्त शीर्षक देते हुए लगभग एक–तिहाई शब्दों में संक्षेपण कीजिए –

साहित्य और वाङ्मय से जो कुछ हमें प्राप्त होता है वह मानसिक समृद्धि है, मानसिक स्वास्थ्य है, मानसिक संस्कृति है। साहित्य हमारे मन की निरंतर चिकित्सा करता रहता है, निरंतर कर्षित–परिष्कृत करता रहता है और उसमें निरंतर प्राणबीज उगाता रहता है। हमारी सारी सप्राणता को जाग्रत और चिर युवा रखना या उसे क्षयग्रस्त–कामलुब्ध विकल रखना, दोनों की क्षमता साहित्य और वाङ्मय के पास है। इसका सदुपयोग हो तो यह एक अपूर्व मानसिक चिकित्सा है। श्रेष्ठ साहित्य पढ़ना मानो ऋतंभर मानस–ज्योतियों को तैल–समर्पण है। साहित्य और वाङ्मय एक मानसिक ऋद्धि के स्रोत हैं। युग के हृदय में तह पर बैठी निराशा के भीतर पॉल वालेरी ने गहराई से उतर कर देखा था। वह इस निष्कर्ष पर पहुँचा है, "वाङ्मय एवं वाङ्मय के पंडितों की नियति कोई मामूली प्रश्न नहीं, क्योंकि इस 'नियति' से जुड़ी है संपूर्ण मनुष्य जाति के मन की 'नियति'। साहित्य और वाङ्मय के तिरस्कार का सीधा अर्थ होगा मनुष्य के मन का तिरस्कार और फलतः एक अपमानवीकरण।

~~शि~~

शीर्षक :- साहित्य

साहित्य और वाङ्मय हमारे मन को ~~स्वच्छ व~~ स्वस्थ बनाते हैं। साहित्य हमारे मन को निरंतर परिष्कृत करके उसमें प्राणबीज उगाता है। श्रेष्ठ साहित्य पढ़ना मानस-ज्योतियों के लिए तैल-समर्पण के समान है। साहित्य और वाङ्मय का तिरस्कार मनुष्य के मन के तिरस्कार के समान है।

2(Two)
(Q.Unit-I-B-1)

2(Two)
(Q.Unit-I-B-1)

2. निम्नांकित पंक्ति का भाव–विस्तार कीजिए : (शब्द सीमा : लगभग 100 शब्द) अंक 10

'हिंसा बुरी चीज़ है पर दासता उससे भी बुरी है।'

हिंसा गाँधीजी के अनुसार एक पशु का वास्तविक/स्वभाविक व्यवहार है और अहिंसा मानव का स्वाभाविक गुण है। मनुष्य को जीवन में अहिंसा का पालन अर्थात् नकारात्मक अर्थ में मन, कर्म, वचन से किसी को नुकसान नहीं पहुँचाना चाहिए और सकारात्मक अर्थ में दूसरों के प्रति दया व करुणा का भाव रखना चाहिए। दासता को गाँधीजी व नेहरूजी ने हिंसा से भी निकृष्ट मूल्य माना है, क्योंकि दासता में मनुष्य कोई भी निर्णय स्वयं की इच्छा से नहीं ले सकता, वह शारीरिक, मानसिक रूप से गुलाम हो जाता है। हमारे राष्ट्रीय आंदोलन में भी इसी आदर्श को अपनाया गया। महापुरुषों के अनुसार यदि दासता व हिंसा में से एक को चुनना हो, तो हिंसा का विकल्प बेहतर है। दासता में व्यक्ति, पिंजरे में बंद उस तोते के समान होता है, जो बाहर की दुनिया से अपरिचित रहता है। दासता में मनुष्य की तार्किक रूप से सोचने समझने की क्षमता भी कमजोर हो जाती है। आजादी से पूर्व हमारे देश के

विकास की पटरी पर न चलने का मुख्य कारण यह भी रहा कि हम अंग्रेजो की गुलामी में जकड़े हुए। इसी कारण हिंसा व दासता दोनों दुर्गुण व निकृष्ट मूल्य है, परन्तु यदि दोनों में से एक को चुनना पड़े, तो हिंसा को ही चुनना चाहिए, क्योंकि हिंसा से समस्या का समाधान तो निकल ही जाता है, परन्तु दासता का कोई स्थायी समाधान भी नहीं निकल पाता है।

3.5(Three½)
(Q.Unit-I-B-2)

3. जिला कलेक्टर, जैसलमेर की ओर से प्रमुख शासन सचिव, ऊर्जा विभाग, राजस्थान सरकार को एक पत्र लिखें, जिसमें जैसलमेर जिले में स्थापित सोलर–संयंत्र विषयक विवरण हो। अंक 10

राजस्थान सरकार

कार्यालय, जिला कलेक्टर, जैसलमेर, जिला - जैसलमेर।

क्र. प. 4(1)/जि.क्र.जै./संस्था./2022/1101 दिनांक: 22 मार्च, 2022

श्रीमान प्रमुख शासन सचिव
ऊर्जा विभाग, राजस्थान
सरकार

विषय:- नवीन स्थापित सोलर - संयंत्र के बाबत।

संदर्भ:- श्रीमान के प.क्र. 5(1)/शा.स./विविध/2022/887, दिनांक 17 मार्च, 2022 के क्रम में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय एवं संदर्भगित चाही गई सूचना निर्देशानुसार तैयार कर ली गई है। नवीन सोलर-संयंत्र की लागत संबंधी विवरण भी तैयार करवा लिया गया है। सूचना संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

सादर।

भवदीय
क ख ग
(क ख ग)
जिला कलेक्टर
जैसलमेर

संलग्न:- सोलर संयंत्र की लागत संबंधी विवरण।

प.क्र. 4(1)/जि.क.जै./संस्था/2022/1102 दिनांक:- 22 मार्च, 2022

प्रतिलिपि :- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :-

1. श्रीमान संभागीय आयुक्त, जोधपुर (राज.)।

2. रक्षित प्रतिलिपि / पत्रावली।

क ख ग

(क ख ग)

जिला कलक्टर

जैसलमेर

4.5(Four½)

(Q.Unit-I-B-3)

4. नगर विकास न्यास, भरतपुर के अधिशासी अभियंता की ओर से सेवर के पास नाले पर पुलिया बनवाने के लिए निविदा सूचना का प्रारूप प्रस्तुत कीजिए। अंक 10

राजस्थान सरकार

कार्यालय, नगर विकास न्यास, भरतपुर (राज.)।

क्र. प. 3(2)/न.वि.न्या./लेखा/2022 दिनांक:- 22 मार्च, 2022

निविदा सूचना संख्या:- 2022/08

महामहिम राज्यपाल की अनुशंसा के आधार पर कार्यालय, नगर विकास न्यास की ओर से राज्य सरकार में पंजीकृत संवेदकों के लिए मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 26 मार्च, 2022 से दिनांक 04 अप्रैल, 2022 तक अधोलिखित अधिकारी के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकेगा। निविदा प्रपत्र की सम्पूर्ण प्रवृष्टियों सहित भरकर अधोलिखित अधिकारी के कार्यालय में दिनांक 08 अप्रैल, 2022 तक जमा करवाया जा सकेगा। निविदा खोलने की तिथि दिनांक 13 अप्रैल, 2022 होगी।

कार्य का विवरण निम्नलिखित है :-

| क्र.सं. | कार्य | निविदा शुल्क | धरोहर राशि | अनुमानित लागत | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सेवर, भरतपुर में नाले पर पुलिया निर्माण | 500/- | 2 लाख रु. | 1 करोड़ रु. | 2 माह |

शर्तें :- निविदा में आंशिक व पूर्ण रूप से परिवर्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित है। निविदा में उल्लिखित कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण न करने पर धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी। किसी भी प्रकार के न्यायिक विवाद का क्षेत्र भरतपुर जिला न्यायालय परिसर होगा।

?

अधिशासी अभियंता
नगर विकास न्यास
भरतपुर

5.5(Five½)
(Q.Unit-I-B-4)

5. दिए गए अनुच्छेद का हिंदी में अनुवाद कीजिए – अंक 10

A language is something infinitely greater than grammar and philology. It is the poetic testament of the genius of a race and a culture and the living embodiment of the thoughts and fancies that have moulded them. Words change their meaning from age to age and old ideas transform themselves into new, often keeping their attire. It is difficult to capture the meaning, much less the spirit, of an old word or phrase.

भाषा व्याकरण से कहीं अधिक विस्तृत होती है।
यह एक सा विचारों, संस्कृति व नृजातिमता का साहित्यिक
रूप है। पीढ़ी दर पीढ़ी शब्दों का अर्थ बदलता जाता है
और पुराने विचार भी नए विचारों में बदलते जाते है।
पुराने शब्दों व कहावतों का अर्थ पता लगाना एक
कठिन कार्य है।

1.5(One½)
(Q.Unit-I-B-5)

**Part – C**
**भाग – स**

**Marks : 20**
**अंक : 20**

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए – अंक : 20

(1) राजस्थान का सांस्कृतिक गौरव
(2) सोशल मीडिया बनाम निजता
(3) प्राथमिक शिक्षा में मातृभाषा का प्रयोग : दशा और दिशा

## सोशल मीडिया बनाम निजता

"खींचो न कमानों को न तलवार निकालो। जब
जहाँ तोप मुकाबिल हो, अखबार निकालो ॥"

उपर्युक्त पंक्तियाँ मीडिया की भूमिका प्रतिबिम्बित करने के लिए पर्याप्त प्रतीत होती है। कबूतर के युग से लेकर आज सोशल मीडिया तक के युग में संचार के माध्यम परिवर्तित हुए हैं, परन्तु उनकी महत्ता कम नहीं हुई। हाल ही में केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया को विनियमित करने के लिए कानून लेकर आयी है। आखिर क्यों इतनी आवश्यकता पड़ी? क्या है इसके कारण? समाज, सोशल मीडिया कम्पनियाँ अथवा सरकार, कौन है, इसका जिम्मेदार? ऐसे अनेक प्रश्न हमारे मन-मस्तिष्क में निरंतर प्रकाशमान है।

सोशल मीडिया से आशय है, समाज में नवीन संचार के साधनों जैसे- फेसबुक, ट्विटर, आदि से है)

सोशल मीडिया के मनुष्य के जीवन में अनेक लाभ व अनेक हानियाँ है। सोशल मीडिया के लाभ अगर देखे तो - सोशल मीडिया की मदद से आज हम घर बैठे त्वरित रूप से देश-विदेश की खबरें सुन सकते है, देख सकते हैं। समाज के लोगों में आपसी संवाद, साथ कोविड-19 के दौरान भी सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का प्रभावी प्रयोग किया। स्माइल एप के माध्यम से बच्चों को वॉट्स एप पर सूचना व शिक्षण सामग्री उपलब्ध करवायी गई। वहीं शाला संबलन एप, माई बुक ओ एप, राजकोविड एप आदि का प्रभावी उपयोग हुआ।

सकारात्मक प्रभावों के साथ ही सोशल मीडिया के नकारात्मक प्रभाव भी परीलक्षित होते हैं। निजता का हनन, राष्ट्र की एकता अखण्डता, फेक-न्यूज, भ्रामक खबरें, सांप्रदायिक खबरें आदि तीव्रता से इसके माध्यम से फैलती है। सोशल मीडिया हमारे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार को तो मजबूत करती है, परन्तु हमारी निजता को नकारात्मक रूप से प्रभावित करती है। साथ सोशल मीडिया के माध्यम से हमारा डाटा विदेशों में अन्तरित हो रहा है,

जिससे हमारी गोपनीय सूचनाओं का दुरुपयोग संभव है। हम जो भी संवाद करते है, वह हमारे द्वारा हटाए जाने के पश्चात् भी भण्डारित रहता है। जब हम फेसबुक पर किसी उत्पाद को सर्च करते है, तो हमें तुरंत अनुशंसाए मिलना प्रारम्भ हो जाती है। सोशल मीडिया के माध्यम से असमानता परोसी जा रही है।

सरकार राष्ट्र की एकता अखण्डता व व्यक्ति की निजता की रक्षा के लिए सोशल मीडिया व ओटीटी प्लेटफोर्म को विनियमित करने के लिए फरवरी, 2021 में नए आई.टी. नियम-2021 लेकर आयी। जिसके अनुसार प्रत्येक सोशल मीडिया कम्पनी को एक शिकायत निवारण अधिकारी की नियुक्ति करनी होगी, एक नोडल सम्पर्क अधिकारी, एक मुख्य अनुपालना अधिकारी तथा गोपनीय सूचनाओं को हटाने के लिए भी प्रावधान किए गए। यदि किसी व्यक्ति की गरिमा व निजता का उल्लंघन करने वाली सूचना प्रेषित की जा रही है, तो उसे 24 घण्टे में हटाने की जिम्मेदारी सोशल मीडिया कम्पनी की निर्धारित की गई है।

इस प्रकार निष्कर्षतः कहा जा सकता है, कि हमें सोशल मीडिया का संयमित उपयोग करना चाहिए

तथा अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार (अनुच्छेद 19) के लिए अन्य व्यक्ति की निजता (अनुच्छेद 21) का उल्लंघन भी नहीं करना चाहिए।

अन्ततः निष्कर्षतः मनुष्य ने जिस प्रकार आदिम समय से लेकर आज तक सफर अपनी जिजीविषा से तय किया है, इस समस्या का समाधान भी खोज लिया जाएगा और यह बात चंगेज के पैर की तरह अटल है, कि लोहे के पेड़ फिर से हरे होंगे।

8(Eight)
(Q.Unit-I-C-1)

Paper-IV



(Unit – II)
(यूनिट – II)
**General English**

(80 Marks)
(80 अंक)

**Part – A**

**Marks : 20**

**Note:** Attempt **all** questions. Each question carries **1** mark.

(A) Identify the error and rewrite the correct form of the following sentences: **(Q. No. 1-10)**

**Marks : 10**

1. Italy is an European country.

Italy is a European country.

1(One)
(Q.Unit-II-A-A-1)

2. Ramesh Gupta is a M.B.B.S.

Ramesh Gupta is an M.B.B.S.

1(One)
(Q.Unit-II-A-A-2)

3. The island was uninhabited except of sheep.

The island was uninhabited except to sheep.

0 (Zero)
(Q.Unit-II-A-A-3)

4. Divide the money between you all.

Divide the money among you all.

1(One)
(Q.Unit-II-A-A-4)

5. Did Sohan scratched your card?

~~Did Sohan scratched your card.~~ Did Sohan scratch your card.

0.5(Zero½)
(Q.Unit-II-A-A-5)

6. 120 miles are too far to travel.

~~120 miles are more far to travel.~~ (so much)

120 miles are too much far to travel.

0 (Zero)
(Q.Unit-II-A-A-6)

7. May it snow this far South?

~~Might it snow May it snow~~

Might it snow this far south?

0 (Zero)
(Q.Unit-II-A-A-7)

8. Let her told to wait here.

Let her told to be waited here.

0 (Zero)
(Q.Unit-II-A-A-8)

9. I asked her as to whether she would have a cup of tea.

I asked her as whether she would have a cup of tea.

0 (Zero)
(Q.Unit-II-A-A-9)

10. What you would like to drink?

~~What you would like~~

What you should like to drink?

0 (Zero)
(Q.Unit-II-A-A-10)

(B) Choose the word similar in meaning (Q. No. 11-12) 2 × 1

11. Insolent

rude/polite

rude

1(One)
(Q.Unit-II-A-B-11)

12. Endorse

discredit/approve

discredit

0 (Zero)
(Q.Unit-II-A-B-12)

(C) Choose the word opposite in meaning (Q. No. 13-14) 2 × 1

13. Discreet

prudent/obtrusive

prudent

0 (Zero)
(Q.Unit-II-A-C-13)

14. Deft

expert/amateur

~~ex~~ amateur

1(One)
(Q.Unit-II-A-C-14)

(D) Rewrite choosing the appropriate expression to form a meaningful sentence (Q. No. 15-16) 2×1

15. The army got discouraged and gave in/gave upon before the opponents.

The army got discouraged and gave upon before the opponents.

0 (Zero)
(Q.Unit-II-A-D-15)

16. I am going to have a catnap/dognap while you are cooking lunch.

I am going to have a cantnap while you are cooking lunch.

1(One)
(Q.Unit-II-A-D-16)

(E) Selecting the correct phrase/word, rewrite the following sentences (Q. No. 17-18) 2×1

17. He was sitting besides/beside me when I was eating the cake.

He was sitting beside me when I was eating the cake.

1(One)
(Q.Unit-II-A-E-17)

18. He was confidant/confident that he would clear his exam.

He was confident that he would clear this exam.

1(One)
(Q.Unit-II-A-E-18)

(F) Write a one-word substitute for the following expressions (Q. No. 19-20) **2×1**

19. A diplomatic representative of a country to another country.

20. Showing independence in thoughts or actions.

0 (Zero)
(Q.Unit-II-A-F-19)

0 (Zero)
(Q.Unit-II-A-F-20)

## Part – B

**Marks : 30**

(A) Read the passage given below and answer the questions that follow – (Q. No. 21-25)

**Mark : 5×2 = 10**

The thoughtless, the ignorant and the indolent seeing only the apparent effect of things and not the things themselves talk of luck of fortunes and chance. Seeing a man grow rich they say "How lucky he is!" Observing another become intellectual they exclaim, "How highly favoured he is!" And noting the saintly character and wide influence of someone else they remark, "How chance aids him at every turn!" They do not see the trials and failures and struggles which these men have voluntarily encountered in order to gain their experience, have no knowledge of the sacrifices they have made, of the undaunted efforts they have put forth, of the faith they have exercised that they might overcome the apparently insurmountable and realise the vision of their heart. They do not know the darkness and the heartaches, they only see the light and joy; do not see the long and arduous journey but only behold the pleasant goal and call it "good fortune"; do not understand the process but only perceive the results and call it "chance".

In all human affairs there are efforts and there are results and the strength of effort is the measure of the result. Chance is not. Gifts, powers, material, intellectual and spiritual possessions are the fruits of effort – they are thoughts completed, objects accomplished, visions realized.

21. Which people, seeing the apparent effect of things, talk of luck, fortune and chance?

0.75(Zero¾) (Q.Unit-II-B-A-21)

~~Igon~~ Ignorant and indolent people seeing the apparent effect of things, talk of luck, fortune, and chance

22. When do such people consider luck and chance to favour an individual?

When they have made of hundred efforts.

0 (Zero) (Q.Unit-II-B-A-22)

23. What is needed to realize the vision of the heart?

If they have no knowledge of the sacrifice they have made of hundred efforts, they realise the vision of their heart.

0.25(Zero¼) (Q.Unit-II-B-A-23)

24. What is the connection between efforts and results as stated in the passage?

0 (Zero)
(Q.Unit-II-B-A-24)

25. Find a word in the passage that has the same meaning as the following:

Not intimidated or discouraged by difficulty, danger or disappointed.

0 (Zero)
(Q.Unit-II-B-A-25)

(B) Translate the following sentences into English (Q. No. 26-30) **Marks 5 × 2 = 10**

26. बाल अपचारियों के पुनर्वसन के लिए सक्रिय न्यायिक एवं सामाजिक प्रयासों की आवश्यकता है।

Active ~~social and~~ judicial and social efforts are necessary for rehibilation of child labour.

0.25(Zero¼)
(Q.Unit-II-B-B-26)

27. मैं अब भी तुम्हारे साथ होने से ज्यादा खुश होना नहीं जानता।

I don't know ~~how can~~ much happy then your company still now.

0 (Zero)
(Q.Unit-II-B-B-27)

28. उत्तर पुस्तिका में यथासंभव संक्षिप्ताक्षर का प्रयोग ना करें व पूर्णरूप लिखें।

/

0 (Zero)
(Q.Unit-II-B-B-28)

29. कवि ने उर्मिला के चरित्र में एक स्त्री के दर्द एवं विरह की वेदना को बहुत सुन्दरता से ऊकेरा है।

Poet writes the character of
Urmila as a

0 (Zero)
(Q.Unit-II-B-B-29)

30. विद्यार्थियों के असंतोष से उत्पन्न अनुशासनहीनता का कारण उनकी यह भावना है कि उनके विचारों और आकांक्षाओं की बहुधा उपेक्षा की जाती है।

0 (Zero)
(Q.Unit-II-B-B-30)

(C) Make a precis of the following passage in about one-third of its length. **Marks 10**

31. We have heard about the term 'Cryptocurrency' which is blooming in the investment market today. This digital currency is taking the world to a new direction. According to a market research company more than 13,000 different cryptocurrencies exist in the world - to mention

a few names – Bitcoin, Ethereum, Cardano, Tether and the likes of them. Different countries have their different opinions on cryptocurrency. What exactly is cryptocurrency? It is a virtual currency which means it does not exist physically like other currencies. The word crypto currency is actually derived from the technique which is used to encrypt the network. One needs a 'wallet' an online app to hold the currency. There are two ways to gain it - by online investing or by mining cryptocurrency. Various countries have accepted cryptocurrency as legal tender, others have banned it. The rules for cryptocurrency are not very clear in India but talks are underway to recognize it.

Cryptocurrency

Cryptocurrency is a digital currency. More than 13000 different cryptocurrencies exists in the world. It is a virtual currency. The world cryptocurrency derived from the technique of encrypt network. We can gain it by online investing or by mining cryptocurrency. The rules for cryptocurrency are not clear in India.

0.5(Zero½)
(Q.Unit-II-B-C-31)

## Part – C

**Marks : 30**

32. Write a paragraph on any **one** of the following in approximately **200** words. **Marks 10**

1. The 'Work-from-Home' culture
2. Freedom of Speech and Democracy
3. Impact of Modern Technology on Farming

Freedom of Speech and Democracy

Our constitution provides ~~gave~~ us ~~the~~ fundamental rights. Freedom of speech is also a fundamental right.

Democracy provides ~~a man~~ freedom of speech to a person. We ~~can~~ could not speech freely before independence. Now, we can speaks against to the governm-ent. We can critisize the bureaucracy. Because our country is a democratic country. ~~En~~ North korea is not a demcraetic nation. People ~~can't h~~ don't have the freedom of speech in north korea. ~~We~~ But we don't hurt someone's feeling. Because Right to privacy and freedom of speech are interconnected. ~~M~~ many people speaks senceless comm-ents against govt. . Some people speaks against our judiciary also. We should understand that freedom of speech is

not a absolute right. It also has some limitations. ~~tate~~ It can be prohibated due to morality.

So, we can say that freedom of speech is necessary in democracy.

33. Elaborate any one of the following themes in approximately **150** words. **Marks 10**

1. Child is the father of man.
2. Sweet are the uses of adversity.
3. No man should be condemned unheard.

Child is Father of Man

This is a very clear, simple and self explanatory proverb. It means that in childhood a ~~man~~ child asks many questions. ~~to~~ He wants to know everything surrounding

2.5(Two½)
(Q.Unit-II-C-32)

him. He brings new ideas. We can cultivate good and moral values in childhood. If we cultivate moral values in childhood, the child will become an honest and sincere in his life. We should learn from childs. We should also live a happy life. In childish age a man live happily, because he don't think about others. He has a sound and healthy heart. He has a holly soul. If we have holly soul then we should get new successes in our life. We should not do voilent acts. Because voilence is a negative value. We should work hard and sincerely in our life. We don't think about others. We should think about duties. We should live a peaceful life. If we learn

from childs. We can get good opportunities in our life.

So it istrue that child is father of man.

3(Three)

(Q.Unit-II-C-33)

**Marks 10**

34. Write a letter to the Joint Secretary, Department of Labour Welfare drawing attention to the govt. policy regarding 'no work no pay' complaining about the bank employees who went on strike on 20th, 21st & 22nd, January. (150 words)

**OR**

Write a report on the research you have done on 'Industrial Waste Disposal' in your city in about **150** words.

F-36, Nehru Nagar
Jaipur
March 22, 2022

The Joint Secretary
Department of Labour Welfare
Jaipur

Subject :- Regarding 'no work no pay' policy.

Sir,
With due respect I want to draw your kind attention about the above mentioned subject that some bank employees ~~were~~ went on strike on 20th, 21th and 22th January. Government has made a policy 'no work no pay'. But these employees didnot prefer

their duties. The residents had to face various difficulties. Many ~~complai~~ complaints has been ~~be~~ done to the local authorities but no action has been taken yet.

You are called upon to take necessary steps as possible as.

We shall be obliged to you for this act.

Thanking You

Yours faithfully

R.S. Sharma

4(Four)
(Q.Unit-II-C-34)

शीर्षक